तापमान

अधिकतम 37.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 6 अप्रैल 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 नर्रा के बच्चों को कराया न्योता भोज



14 नाचा गम्मत के संरक्षण-संवर्धन के लिए रंजीत का ...



## नवरात्रि विशेष



### नवमी: सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

# आज रामनवमी पर होगा सवा करोड़ हनुमान चालीसा का जाप

## तैयारियों में जुटे समिति के पदाधिकारी, आज दिनभर भक्तिमय रहेगा माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रामनवमी के अवसर हर साल की तरह इस बार भी शहर के कचहरी चौक स्थित सिद्ध श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति में सवा करोड़ हनुमान चालीसा जाप सहित विभिन्न आयोजन होने जा रहा है। सुबह से कार्यक्रम तय रुपरेखा के अनुसार देर शाम हनुमान चालीसा जाप का आयोजन होगा, जिसके लिए शनिवार से ही तैयारियों का दौर शुरु हो चुका था।

कार्यक्रम के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रातः 08 बजे हवन पूजन आरती पश्चात 12 बजे श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर भव्य आतिशबाजी के पश्चात आरती व पंजरी प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। संध्या 07 बजे से 08 बजे तक भारत वर्ष ही नही अपितु संपूर्ण विश्व में एक ही तिथि व एक ही समय में होने वाला आयोजन श्री हनुमान





चालीसा का सवा करोड़ जाप का आयोजन इस वर्ष मंदिर समिति 17 वें वर्ष 17 वें अनुष्ठान के रूप मे श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक महापाठ का आयोजन रखा गया है।

उक्त जानकारी देते हुए मंदिर समिति के भरत सिंह ठाकुर अधिवक्ता ने बताया कि श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन बाबा रामदेव म्यूजिकल ग्रुप महासमुंद के माध्यम से किया जाएगा पश्चात महाआरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए संतोष शुक्ला, सुरेंद्र स्वामी, चंद्रशेखर साहू, बद्री नारायण माहेश्वरी, सुशील चंद्राकर, सत्यनारायण तिवारी, भूपेंद्र चंद्राकर, भरत सिंह ठाकुर, जितेंद्र इदीकर, धरम भार्गव, अनूप उपासे, अजय साहू, हेमंत साहू, सौरभ बाफना, धीरेंद्र लोणारे, घनश्याम सोनी, प्रशांत श्रीवास्तव, कुलवंत सिंह बंटी, संजय साहू, जगमोहन चंद्राकर, मदन प्रकाश शर्मा, कुंदन वैष्णव सहित मंदिर समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

## कार्रवाई : एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स और पिथौरा पुलिस ने की कार्रवाई

# अंतरराज्यीय तस्करों से 22.80 लाख का गांजा और दो लग्जरी कार जब्त, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में गठित एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स और पिथौरा पुलिस द्वारा की गई संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने अंतरराज्यीय तस्करों के कब्जे से दो लग्जरी कार से 22 लाख 80 हजार रुपए का 152 किलो गांजा जब्त किया है। मामले में चार आरोपियों की गिरफ्तारी भी हुई है।

पुलिस से मिली जानकारी के पिथौरा क्षेत्र में 4 अप्रैल को मुखबीर से सूचना मिली कि ओडिशा से अवैध मादक पदार्थ गांजा की बड़ी खेप दो वाहन स्विफ्ट कार एवं स्कार्पियो कार में महाराष्ट्र ले जाया जा रहा है। इसके बाद पुलिस की टीम के द्वारा जिले में प्रवेश करने वाले समस्त पाईंटों पर बल तैनात कर संदिग्ध वाहन की जांच कर रही थी, तभी एक सफेद स्कार्पियो वाहन कार क्रमांक एमएच 01 डीबी 1463 एवं स्विफ्ट कार क्र एमएच 01 डीबी 1463 महासमुंद की ओर आ रही थी, जिन्हें घेराबंदी कर रोका गया।



दोनों वाहन में कुल 04 व्यक्ति बैठे मिले जिनसे पूछताछ करने पर उन्होंने अपने-अपने नाम गणेश बालु पवार पिता बालु पवार निवासी ओम साई सोसायटी सेक्टर 1, उसरली खुर्द पनबेल, पेन, रायगढ, पुणे महाराष्ट्र, लक्ष्मण भीमराव चौहान पिता भीमराव चौहान निवासी सिकरापुर, शिकारपुर, महाराष्ट्र, गणेश राजा राम सालुखे पिता राजाराम सालुखे निवासी नाला सुपारा, पालघर, महाराष्ट्र तथा राहुल रोहिदास पिता रोहिदास मोहिते निवासी सिकरापुर, शिकारपुर, पुणे महाराष्ट्र होना बताए। पुलिस टीम द्वारा ली गई वाहन की तलाशी के दौरान पीछे सीट व डिक्की में प्लास्टिक बोरियां रखी मिली जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। वाहन में मटमैला रंग के प्लास्टिक बोरियों में कुल 76 पैकेट खाखी रंग के टेप से टेपिंग किया हुआ 152 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 22,80,000 रुपए को जब्त किया गया। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से स्कार्पियो वाहन कीमत 1200000 रुपए व स्विफ्ट कार कीमत 500000 एवं नगदी रकम 50000 रुपए तथा 04 नग विभिन्न कंपनियों मोबाईल कीमत 23000 रुपए कुल जुमला कीमती 40,53,000 रुपए का सामान जब्त किया गया।

आरोपी ने पूछताछ में गांजा ओडिसा से लाकर महाराष्ट्र में बिक्री करने ले जाना बताया। मामले में आरोपियों को धारा 20(ख) एनडीपीएस के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# पोषण ट्रेकर अधिकारी बता दो महिलाओं से की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- अज्ञात के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज

साइबर ठग नए-नए तरीके अपनाकर लोगों से ठगी कर रहे हैं। कभी नौकरी लगाने के नाम पर तो कभी अधिक राशि कमाने का लालच देकर, कभी बिजली विभाग का अधिकारी बताकर लाइन काटने की धमकी देकर हजारों रुपए की ठगी के मामले सामने आ चुके हैं। ऐसा ही एक मामला फिर से सामने आया है। अब की बार ठग ने खुद को महिला बाल विकास का पोषण ट्रेकर अधिकारी बताकर दो महिलाओं से 29 हजार रुपए की ठगी कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को हितग्राही मनीषा रात्रे के मोबाइल पर कॉल कर कॉलर ने स्वयं को अधिकारी बताकर कहा कि अब तक पोषण ट्रेकर का केवायसी जमा नहीं हुआ है। इस पर हितग्राही ने कहा कि वर्तमान में नेट काफी धीमा चल रहा है। इस पर उसने कहा कि मानदेय कटेगा। ऐसा कहकर उसने संबंधित स्थान की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को भी लाइन पर लेकर बात कराई। साथ ही विभाग की अन्य गतिविधियों के विषय में भी बात की। इस पर मनीषा को पूर्ण विश्वास हो गया। लेकिन, इस समय तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कॉल कट कर चुकी थी। इसका फायदा उठाकर वापस कॉलर ने मनीषा को कॉल लगाकर ओटीपी पूछा और 19 हजार रूपए ठग लिया। इसी तरह एक अन्य मामले में ग्राम छिंदौली में इसी कॉलर ने एक महिला से 4 हजार रुपए की ठगी कर ली।

## नौकरी के नाम पर चार लोगों से ठगी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** जिला अस्पताल में पदस्थ रहे वार्ड ब्वाय द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर चार लोगों से धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने मामले की शिकायत व जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी की शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस की जांच में जिला चिकित्सालय वार्ड ब्वाय रहे वरूण साहू द्वारा स्वास्थ विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर सुरेन्द्र कन्नौजे से 40 हजार रुपए, खोमन कन्नौजे से 40 हजार रुपए एवं प्रियंका दुबे से 1.50 लाख रुपए व साक्षी शर्मा से 1.50 लाख रुपए कुल 3.80 लाख रुपए की धोखाधड़ी करना पाया गया। पुलिस ने भुरका निवासी वरूण साहू के विरूद्ध धारा 420 भादवि के तहतअपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।






## जिला जेल में हर्षोल्लास के साथ मनाया रहा चैत नवरात्र पर्व

**महासमुंद।** जिला जेल महासमुंद में परिरूद्ध बंदियों द्वारा चैत-नवरात्र पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर बंदियों द्वारा जेल में कलश स्थापना, ज्योत जलाकर माता सेवा, भजन-कीर्तन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से 40 बंदियों द्वारा 09 दिन का उपवास रखा गया है। उपवास रखे बंदियों के स्वास्थ्य को लेकर जेल चिकित्सक एवं सहायक जेल अधीक्षक मुकेश प्रसाद कुशवाहा एवं समस्त जेल कर्मचारियों द्वारा सतत निगरानी रखा जा रहा है। सभी उपवास रखे बंदियों के लिए जेल प्रबंधन नियमानुसार, फल, फल्लीदाना, दूध, साबूदाना, दूध/दही आदि की व्यवस्था की गई है। सभी उपवास रखे बंदियों को एक ही बैरक में रखा गया है। ताकि, इन बंदियों को पूजा भजन-कीर्तन करने में कोई व्यवधान न आए। 05 अप्रैल को दुर्गा अष्टमी के दिन उपवासी बंदियों के साथ जेल में परिरूद्ध बंदीगण एवं सहायक जेल अधीक्षक मुकेश प्रसाद कुशवाहा एवं समस्त जेल कर्मचारियों की उपस्थिति में हवन-पूजन हर्षोल्लास के साथ किया गया, जिससे पूरा जेल शांतिमय रहा। जेल में परिरूद्ध सभी बंदियों में माता दुर्गा की पूजा के लिए भजन-कीर्तन, माता सेवा कर उमंग व्याप्त है।

## महाअष्टमी पर मां महामाया मंदिर में हवन-पूजन



**महासमुंद।** महाअष्टमी के अवसर पर शनिवार को नगर की कुलदेवी मां महामाया मंदिर में हवन-पूजन संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने पूर्णाहूति यज्ञ में आहूति देकर मंगलकामना की। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इसके पूर्व शुक्रवार को सप्तमी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बागबाहरा मां चंडी के दरबार में दर्शन के लिए पहुंचे। यहाँ उन्होंने आरती में हिस्सा लेकर मां चंडी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

## मां शारदा का फूलों से विशेष श्रृंगार

चैत्र नवरात्र पर्व पर क्षेत्र में शक्ति की भक्ति की धूम है क्षेत्र के देवी धामों सहित देवी मंदिरों मे शाम से ही जसगीत, माता सेवा सहित भक्ति में कार्यक्रम नित्य प्रतिदिन आयोजित हो रहे हैं। इसी क्रम में मां शारदा शक्तिपीठ में तुमगांव रोड में सप्तमी तिथि पर मां शारदा भवानी का फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया व साहू समाज, नपा अध्यक्ष निखिलकांत साहू परिवार के द्वारा हलवा पुरी का विशेष भोग के साथ महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें महाकाल बैंड विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।



# नशीली दवा का अवैध परिवहन, 600 टैबलेट जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नशीली दवा का अवैध रूप से परिवहन करने वाले एक आरोपी को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 600 नग टैबलेट जब्त कर नारकोटिक्स एक्ट के तहत बसना थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार 4 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिला थी कि पदमपुर ओडिशा की ओर से एक काला रंग सुजुकी कंपनी स्कूटी एक्सेस 125 क्र ओडी 17 एसी 9211 में मादक पदार्थ नशीली दवाई को बिक्री हेतु एक व्यक्ति आ रहा है।

इसके बाद पुलिस द्वारा सिटी ग्राउंड के पास बसना पहुंचकर ओडिशा की ओर से आने वाली




दोपहिया वाहनों पर निगरानी की जा रही थी। इसी दरमियान मुखबिर के बताए अनुसार एक काला रंग सुजुकी कंपनी का स्कूटी एक्सेस आई, जिसे रोककर चालक से पूछताछ किया गया जिसने अपना नाम गगू गुतुला पिता कृष्णा गुतुला (38 साल) चेल्लूरू थाना रामचंद्रपुरम मंडलम जिला पूर्व गोदावरी (आंध्रप्रदेश) हाल वार्ड नं 06 पदमपुर थाना पदमपुर जिला बरगढ़ (ओडिशा) का निवासी होना बताया। पुलिस द्वारा संदेही की तलाशी लेने पर उसके कब्जे के एक काला रंग सुजुकी कंपनी का स्कूटी एक्सेस 125 के सीट के नीचे 1 सफेद प्लास्टिक झिल्ली के अंदर भरा अवैध नशीली दवाई नाइट्रोसन 10 एमजी कंपनी का पाया गया। झिल्ली में 6 पैकेट प्रत्येक पैकेट में 10 पत्ता और प्रत्येक पत्ता में 10 टेबलेट मिले। इस तरह कुल 600 नग टेबलेट को कुल कीमत 4680 रुपए को जब्त किया गया। इसके अलावा आरोपी के कब्जे से स्कूटी एक्सेस 125 व मोबाईल जब्त कर धारा 21 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

खबर संक्षेप

## चिरायु योजना ने लौटाई तीन मासूमों की मुस्कान

**रायपुर।** कटे तालु के साथ जन्म लेने वाले तीन मासूम की निशुल्क सर्जरी के बाद मुस्कान लौट आई। गांव में लगाए गए शिविर के दौरान उनकी पहचान कर चिरायु योजना के तहत राजधानी के निजी अस्पताल में सर्जरी कराई गई। चिरायु टीम की मदद से डेढ़ साल की दक्षिका, 6 साल की दुर्गा और 8 साल की प्रतिभा का सफल ऑपरेशन किया गया। आरंग हेल्थ टीम-सी द्वारा आयोजित शिविर में तीनों बच्चों के तालु कटे होने की समस्या पाई गई थी। शुरुआत में उनके परिजन महंगे इलाज और ऑपरेशन को लेकर काफी चिंतित थे। तब चिरायु टीम की काउंसिलिंग ने उनकी शंकाओं को दूर करते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत उनके बच्चों का निशुल्क इलाज किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी, डीपीएम मनीष मेजरवार, चिरायु नोडल डॉ. श्वेता सोनवानी, आरंग बीएमओ डॉ. विजयलक्ष्मी अनंत और बीपीएम दीपक मिरे ने बच्चों के ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सभापति ने हटवाए अपने ही बैनर-पोस्टर



**रायपुर।** राजधानी रायपुर की सड़कों पर लगे विद्युत खंबो सहित अनेक स्थानों पर विभिन्न राजनैतिक पार्टी के नेताओं सहित कई धार्मिक सहित अन्य संगठन व समितियों के लोगों के अवैध रूप से बैनर पोस्टर लगे हुए हैं, जिससे शहर की सुंदरता भी खराब हो रही हैं। रायपुर नगर निगम के नवनिर्वाचित सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने शहर की सुंदरता को बनाए रखने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए सबसे पहले स्वयं की फोटो के साथ लगे बैनर-पोस्टरों को हटवाने की कार्रवाई की। सभापति सूर्यकांत राठौड़ के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर उनके समर्थकों ने निगम मुख्यालय के सामने सड़क पर लगे पोल सहित कई जगहों पर शुभकामना संदेश के साथ उनकी फोटो लगे बैनर-पोस्टर टांगे थे। सभापति ने पदभार सभांलने के बाद शुक्रवार को निगम मुख्यालय के सामने पोल पर जगह-जगह अपने बैनर-पोस्टर लगे देखे, जिसे उन्होंने तत्काल हटाने अधिकारियों को निर्देशित किया।

### घटना : दो घटनाएं बसना थाना क्षेत्र और एक-एक घटनाएं बागबाहरा और पटेवा थाना क्षेत्र की

# एक्सीडेंट के चार मामलों में चार लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में एक्सीडेंट के चार मामलों में चार लोगों की मौत हो गई। इनमें से दो घटनाएं बसना थाना क्षेत्र और एक-एक घटनाएं बागबाहरा और पटेवा थाना क्षेत्र की हैं। पुलिस ने इन मामलों की विवेचना शुरु कर दी है। एनएच 353 बागबाहरा में ढाबा के पास गैस टैंकर की चपेट में आकर एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में बागबाहरा पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पुलिस के अनुसार 4 अप्रैल को संजय चंद्राकर पिता पुरूषोत्तम चंद्राकर (35 साल) निवासी भलेसर थाना कोमाखान अपने दोस्त कपूर सिंह मांझी के साथ अपनी मोटर साइकिल सीजी 06 एचए 0914 से बैंक के काम से बागबाहरा आया था।

युवक बैंक का काम निपटाकर फैमिली ढाबा एनएच 353 खाना खाने जा रहा था। फैमिली ढाबा के पास टर्निंग में अपनी बाइक को मोड़ रहा था तभी ओडिशा की ओर से आ रही भारत गैस कंपनी की एलपीजी गैस टैंकर में टकराकर गिर गया। गैस टैंकर के पिछले चक्के की चपेट में आने से संजय का सिर कुचल गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मामले में मृतक के छोटे भाई ओमप्रकाश चंद्राकर की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ बागबाहरा थाने में धारा 281,125(ए),106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत

बसना थाना क्षेत्र के पदमपुर रोड ठाकुरदिया के पास एक बाइक ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दिया जिससे उसकी मौत हो गई। बसना पुलिस को मृतक युवक के भाई धनेश्वर यादव निवासी ने बताया कि 3 अप्रैल की रात 8.40 बजे के आसपास उसका छोटा भाई मनेशर यादव खाना खाकर धरम सिंग सिदार के साथ खेत में चल रहे बोर पंप को देखने के लिये पैदल जा रहा था और बसना पदमपुर रोड ठाकुरदिया के आगे पहुंचने पर गढ़फुलझर की ओर से आ रहे बाइक एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 06 जीएस 9996 के चालक माधव नागेश निवासी लमकसा ने अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मनेशर यादव को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से सिर एवं दाहिना पैर में चोट आने पर धरमसिंग सिदार ने उसे फोन कर सूचना दी। जब प्रार्थी गांव के अन्य लोगों के साथ घटनास्थल पहुंचा तो देखा कि बाइक के चालक माधव नागेश के भी चेहरे में चोट आई है। इसके बाद 108 वाहन से मनेशर यादव को लाज हेतु सरकारी अस्पताल बसना ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बाइक के अनियंत्रित होकर गिरने से चालक की मौत

बसना थाना क्षेत्र में रूपापाली क्रेसर मोड़ के पास बाइक के अनियंत्रित होकर गिर जाने से चालक की मौत हो गई। बसना पुलिस को शिवचरण चौहान पिता सुंदरसाय चौहान निवासी जमदरहा ने बताया कि उसका लड़का कन्हैयालाल चौहान 4 अप्रैल को अपनी मोटर सायकल एचएफ डीलक्स कमांक सीजी 06 जीएच 9155 से अपने ससुर घर ग्राम धामनघुटकुरी शादी घर में सम्मिलित होने के लिए गया था, शादी हो जाने के बाद वह वापस जमदरहा आ रहा था। शाम करीबन 4.30 बजे रास्ते में रूपापाली क्रेसर के आगे मोड़ के पास अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाने से मोटर सायकल अनियंत्रित होने पर रोड किनारे लगे बिजली खंभे से जा चकराई और कन्हैयालाल बाइक सहित खेत में जाकर गिर गया और चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक चालक की मौत

एक्सीडेंट के एक अन्य मामले एनएच 53 बावनकेरा पड़ाव के पास ट्रक की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई। पटेवा पुलिस को प्रेमलाल विश्वकर्मा ने बताया कि 4 अप्रैल की दोपहर उसे सूचा मिली थी कि उसके बड़े भाई दुलार विश्वकर्मा की एनएच 53 रोड बावनकेरा पड़ाव में एक्सीडेंट हो गया है। तब वह बावनकेरा पड़ाव पहुंचा, जहां मौजूद लोगों ने बताया कि दोपहर करीबन 2 बजे दुलार विश्वकर्मा अपने मोटर सायकल बजाज सीटी-100 क्रमांक सीजी 06 जीएम 1330 से बावनकेरा पड़ाव के पास रोड क्रास कर झलप की ओर जा रहा था, उसी समय पटेवा की ओर से आ रही ट्रक क्रमांक एमएच 14 केए 9531 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर बाइक को पीछे टक्कर मार दिया जिससे दुलार विश्वकर्मा के सिर में गंभीर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई थी। जिसे एम्बुलेंस से ईलाज हेतु शासकीय अस्पताल तुमगांव ले जाया गया। इसके बाद प्रार्थी शासकीय अस्पताल तुमगांव पहुंचा, जहां डॉक्टर द्वारा उसके भाई को चेक कर पर मृत घोषित कर दिया गया।। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



## दुर्गा मंदिर में हुआ हवन पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय बरोंडा चौक मां भवानी दुर्गा मंदिर समिति द्वारा हवन पूजा कार्य किया गया। पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा द्वारा जनकल्याण के लिए पूजा अर्चना की गई। जिसमें पंडित पंकज तिवारी, समिति के कोषाध्यक्ष राजेश लूनिया, संजय शर्मा, गौरव चंद्राकर, पंडित हेमंत द्विवेदी, चोवा साहू, मधु तिवारी, नंदकुमार साहू, मुक्कू वर्मा, विपिन शर्मा, सनी चंद्राकर एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## वार्डों में पहुंचे नपाध्यक्ष, नागरिकों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शनिवार को वार्ड क्रमांक 03 व वार्ड 23 पहुंचकर वार्डवासियों की समस्याओं से अवगत हुए। वार्ड क्रमांक 3 में नागरिकों ने उन्हें जो समस्या बताई उनका त्वरित निराकरण के निर्देश नपाध्यक्ष ने कर्मचारियों को दिए। इस दौरान वार्ड पार्षद सुनैना पप्पू ठाकुर प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इसी प्रकार उन्होंने वार्ड 23 के पिटियाझर क्षेत्र पहुंचकर समस्याएं सुनी। उन्होंने क्षतिग्रस्त नालियों का निरीक्षण कर जल निकासी व्यवस्था बनाने के लिए तत्काल मरम्मत कार्य करने अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही स्वास्थ क्लीनिक के आसपास नालियों की सफाई के विशेष निर्देश दिए। इस अवसर पर वार्ड 23 की पार्षद भारती



राजू चंद्राकर, वार्ड 12 की पार्षद कल्पना सूर्यवंशी, पूर्व पार्षद राजू चंद्राकर व वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने वाटरशेड रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत भूमि संसाधन विभाग द्वारा जल एवं भूमि संसाधनों के संरक्षण और सतत उपयोग को बढ़ावा देने के लिए 5 फरवरी 2025 से वाटरशेड रथ यात्रा का शुभारंभ किया गया है। इस यात्रा का उद्देश्य जलग्रहण क्षेत्रों का विकास, वर्षा जल संचयन, कृषि उत्पादकता में वृद्धि तथा कृषि वनीकरण के माध्यम से ग्रामीण जीवन को सशक्त बनाना है।

इसी कड़ी में 4 मार्च को यह रथ महासमुंद जिले में पहुंचा, जहां कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने वाटरशेड रथ को कलेक्टोरेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह यात्रा ग्रामीण समुदायों में जल संरक्षण, प्राकृतिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन और भूमि की उर्वरता बढ़ाने के



लिए जन-जागरूकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम है। रथ के माध्यम से ग्रामीणों को ऑडियो-विजुअल तकनीकों से विभिन्न उपायों की जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर उप संचालक कृषि एफ.आर. कश्यप और सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी भीमराव घोड़ेसवार मौजूद थे। इसके बाद वाटरशेड रथ ग्राम पंचायत पथरला विकासखंड पिथौरा पहुंचा, जहां स्थानीय ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों ने इस अभियान का स्वागत उत्साहपूर्वक किया। इस अवसर पर रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों ने जल संरक्षण विषय पर रचनात्मक प्रस्तुतियां दीं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ओमप्रकाश चौधरी पूर्व अध्यक्ष भूमि विकास बैंक, टिकेलाल साव (सांसद प्रतिनिधि), जगमोती भोई (जिला पंचायत सदस्य), डोलेश्वरी नीरू प्रधान जनपद सदस्य, अभिमन्यु प्रधान, विमला बेहरा, परशुराम गणतिया, दीनदयाल भोई, मनीराम निषाद एवं सुभाष बंजारा व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। ग्रामवासियों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा श्रमदान किया गया। रथ के माध्यम से जल संरक्षण पर आधारित वीडियो प्रसारण किया गया, जिसे ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने जागरूकता से देखा व जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## लौह शिल्पकार बोर्ड अध्यक्ष का पार्षद ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग लौह शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष बनने के बाद प्रफुल्ल विश्वकर्मा के प्रथम नगर आगमन पर साहू काफी हाउस में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उनके साथ प्रमुख रूप से पूर्व राजमंत्री पूनम चंद्राकर भी थे। विश्वकर्मा का स्वागत करते हुए पार्षद भाऊराम साहू ने नगर के लौह शिल्पकारों को आगे बढ़ाने उनके लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की मांग की। इस अवसर पर हर्ष साहू, यादराम चंद्राकर व कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### दोपहर बाद तेज हुई धूप 8 से पुनः वर्षा का दौर

**रायपुर।** मौसम का मिजाज सुधरने के बाद शुक्रवार दोपहर बाद धूप तेज हो गई है और अगले तीन दिन में गर्मी पुराने तेवर में आने की उम्मीद है। अधिकतम तापमान में अगले तीन दिनों में करीब 4 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी के आसार हैं। इसके बाद पुनः बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी मौसम में बदलाव करेगी और 8 अप्रैल से 10 अप्रैल तक मध्य हिस्से में वर्षा होने की संभावना बनेगी।



### खल्लारी माता मंदिर में बालिकाओं की हुई पूजा अर्चना

बिरकोनी। ग्राम बिरकोनी स्थित खल्लारी माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर शनिवार को हवन पूजा सम्पन्न हुआ। दोपहर 1 बजे कन्या पूजन किया गया। देवी स्वरूप कन्या को भोजन कराने के बाद लोगों ने नवरात्र उपवास का समापन किया। कन्याओं को उनके घर जाकर ससम्मान भोजन के लिए आमंत्रित किया। छोटी-छोटी बालिकाओं को सभी के पैर धोकर, कुमकुम से तिलक लगा देवी माँ के नों रूपो में सजाया गया। हार-फूल पहनाकर स्वागत किया। वहीं उपहार में नए वस्त्र, शिक्षा से संबंधित चीजें, श्रृंगार साम्री भेंट की गई। अपने सामर्थ्य के अनुसार दक्षिणा के साथ उपहार भेंट किए गए। नौ कन्या भोज का दौर दोपहर से शाम तक चलता रहा। शाम को मन्दिर परिसर में महाप्रसादी वितरण किया गया। दिनभर सेवा गीत जस गीत की प्रस्तुति मंडलियों ने दी।

# यादव समाज को निगम मंडल में प्रतिनिधित्व नहीं देने से रोष, गजेंद्र को कैबिनेट मंत्री बनाने की मांग

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा, विधानसभा, त्रिस्तरीय पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव हो गया है। किंतु, जिस तरह से छत्तीसगढ़ में जनसंख्या की दृष्टि से दूसरी जाति के श्रेणी में आने वाला यादव समाज के साथ धोखा किया गया, यह किसी से छिपा नहीं है। यादव जाति की सहभागिता भाजपा कांग्रेस दोनों ही पार्टी में रही है, ऐसे अनेक यादव नेता है, जो दोनों ही पार्टी के भीतर 30 से 40 वर्षों से पार्टी की सेवा कर रहे हैं। किंतु, यह देखने में आ रहा है कि दोनों ही राष्ट्रीय पार्टियां यादव समाज के साथ हमेशा विश्वासघात व उपेक्षित व्यवहार करती है, इससे पूर्व कांग्रेस और अब भाजपा पार्टी ने छत्तीसगढ़ में विधानसभा में जीत कर आए यादव समाज से किसी भी विधायक को मंत्री तो बनाया नहीं, बल्कि राज्य सरकार द्वारा जारी निगम मंडल की सूची में भी एक यादव समाज के जनप्रतिनिधियों का नाम शामिल नहीं किया जाना दुखद है। यादव समाज ने कहा है कि गौ सेवा आयोग और दुग्ध संघ जैसे मंडल के पद को जो कि यादव जाति का पैतृक व्यवसाय है जिसे गौ पशुपालन से यादवों के साथ जुड़े होने के कारण यादव समाज को प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए था। किंतु, ऐसा नहीं किया गया, जिसकी घोर निंदा अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने की है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश यादव महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछड़े वर्ग की जातियों में यादव समाज का दूसरे नंबर में आता है। किंतु, राष्ट्रीय पार्टियां न जाने क्यों यादवो के साथ भेदभाव, धोखा व उपेक्षित व्यवहार करती है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार के निगम मंडल सूची पर अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा है कि अब भाजपा की नजरों में यादव समाज से कोई ऐसा प्रतिनिधि योग्य नहीं है, जिसे निगम मंडल में भी लिया जा सके? भाजपा में यादव समाज से जीत कर आए हुए विधायक को मंत्री बनाने का सब्जबाग दिखाकर यादव समाज के साथ खिलवाड़ कर रही है। अब ऐसा लगता है कि जिस पार्टी में यादव समाज का प्रतिनिधि निगम मंडल में शामिल होने लायक नहीं वह पार्टी अब यादव समाज के प्रतिनिधि को मंत्री कैसे बनाएगी, यह संशय का विषय है।

अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने यादव समाज की उपेक्षा को लेकर भाजपा सरकार को हिदायत देते हुए कहा है कि अविलंब भाजपा सरकार उनकी पार्टी में बरसों से तपस्या कार्य कर रहे यादवों को मंत्री सहित तीन यादवों को निगम मंडल में शामिल किया जाए। यादव समाज की जनता के साथ यदि भाजपा सरकार खिलवाड़ करती है तो भविष्य मे इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा हाल ही में भाजपा पार्टी के 36 नेताओं को निगम, मंडल, बोर्ड, आयोग व परिषद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों पर नियुक्त किया गया। हालांकि, इस सूची में यादव समाज से कोई भी व्यक्ति को स्थान नहीं मिला है, जो यादव समाज के लिए एक बड़ा आघात है। छत्तीसगढ़ शासन में यादव समाज की उपेक्षा यह समझ रहे हैं कि सब चुनाव संपन्न हो गया है। अब यादव लोगों की क्या जरूरत है तो जब भी आगामी चुनाव होगा उसमें खामियाजा भुगतने के लिए तैयार रहें। प्रदेश में बड़ी आबादी वाले यादव समाज को मंत्रिमंडल एवं निगम मंडल में प्रतिनिधित्व दे नहीं तो अविलंब हमारे यादव समाज के विधायक गजेंद्र यादव को छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री बनाए तथा कम से कम तीन यादवों को निगम मंडल में सम्मानजनक पद में नियुक्त करें, नहीं तो यादव समाज जगह-जगह धरना प्रदर्शन करेंगे।




# उद्यमी बनने के लिए सकारात्मक सोच को आगे लाने किया प्रेरित

महासमुंद। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान और राष्ट्रीय सेवा योजना छत्तीसगढ़ के संयुक्त आयोजन में छात्रों के उद्यमिता कौशल को बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य संपर्क अधिकारी नीता वाजपेई के निर्देशन में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक पंडित रवि शंकर विश्वविद्यालय के समन्वयक प्रोफेसर एलएस गजपाल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ मालती तिवारी के निर्देशन में शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक दिवस अलग-अलग क्षेत्र से विषय विशेषज्ञ छात्राओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसी कड़ी में ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान आर सिटी से प्रतीक साव गुप्ता द्वारा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, जिससे छात्राएं अपने उद्यम में लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रशिक्षण में महासमुंद जिले के सफल उद्यमी भाऊराम साहू ने अपने उद्यम की यात्रा किस प्रकार प्रारंभ एक छोटे से चाय की दुकान से प्रारंभ कर वर्तमान में 6 बड़े चाय की दुकान स्थापित हो चुकी है, की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिसमें उन्होंने महत्वपूर्ण बिंदु व्यवहार, क्वालिटी, समय के साथ अपने उद्यम में परिवर्तन ऐसे महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। इसी कड़ी में उद्यम के लिए डिजिटल मार्केटिंग, पैकेजिंग, विज्ञापन की महत्वपूर्ण जानकारी डॉ मनोज शर्मा वाणिज्य संकाय के विभाग अध्यक्ष द्वारा दिया गया। साथ ही ईडीआईआई के इंडस्ट्रियल मेंटर किरण जोशी द्वारा प्रशिक्षक छात्राओं को ऑनलाइन प्रोजेक्ट फॉर्मेट की तैयारी एवं उद्यम रजिस्ट्रेशन की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को उद्यमी बनने के लिए सकारात्मक सोच को आगे लाने के लिए प्रेरित किया। माइक्रो एंटरप्राइज डेवलपमेंट प्रोग्राम 28 मार्च से 12 दिवसीय माइक्रो एंटरप्राइज डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत छात्राओं के हित के लिए चलाया जा रहा है। कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर सरस्वती वर्मा, प्राध्यापक डॉक्टर ओमप्रकाश पटेल, डॉक्टर स्वेतलाना नागल, अरविंद साहू, ओंकार साहू के कार्यों को सराहा। प्रशिक्षण में प्रतिभागी छात्राएं डाली, केकती, ईशा, रितु, प्रीति, निकिता, मेघा, डिकेश्वरी, शीतल, मनीषा, लीला, नीलम, मोगरा निषाद, योगेश्वरी, रीत, पिंकी ध्रुव, डिंपल, हेमा, खुशबू, अनुराधा, चैताली, ज्योति सोनवानी, हेमा हिमांशी, दामिनी समेत 50 छात्राएं प्रशिक्षण का लाभ उठा रही है।



**खबर संक्षेप**



### ज्योत जंवारा कार्यक्रम में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** ग्राम अचानकपुर में केशव निर्मलकर व शत्रुघ्न निषाद, कुकराडीह में नेतराम साहू के यहां ज्योत जंवारा कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल होकर पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि इस दिन मां दुर्गा की सातवीं शक्ति मां कालरात्रि की पूजा का विधान है। मान्यता है कि मां कालरात्रि की पूजा करने से बुरी शक्तियां व काल से रक्षा होती है। मां कालरात्रि की उपासना करने के बाद भक्तों को अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है। कार्यक्रम में केशव, शत्रुघ्न निषाद, जगत निषाद, जनक निषाद, कमलेश साहू, धरम साहू आदि मौजूद रहे।

**मनमानी: कूटरचित दस्तावेज से वरिष्ठता सूची में नाम दर्ज कराने का मामला**

# शिक्षा विभाग में बड़ा फर्जीवाड़ाः कूटरचित दस्तावेजों से प्रधान पाठक बना दिनेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

स्वयं के व्यय पर कराए गए स्थानांतरण को

- पिथौरा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला खैरखुंटा का मामला

पदोन्नति पाने के लिए प्रशासनिक स्थानांतरण दर्शाने के लिए कूट रचित दस्तावेज के माध्यम से वरिष्ठता सूची में नाम दर्ज कराए जाने का मामला सामने आया है। बता दें कि जिले के पिथौरा विकासखंड के ग्राम खैरखुंटा में पदस्थ प्रधान पाठक दिनेश प्रधान पूर्व में बसना विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला पितईपाली में शिक्षाकर्मी वर्ग-3 के रूप में पदस्थ रहे। बाद में 31 अगस्त 2010 को जनपद पंचायत बसना के आदेश क्रमांक 1105 के तहत स्वयं के व्यय पर पिथौरा विकासखंड के ग्राम खैरखुटा में स्थानांतरित हुए। वर्ष 2022 में सहायक शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया शुरू हुई, तो दिनेश प्रधान ने अपने स्वयं के व्यय पर हुए स्थानांतरण आदेश में छेड़छाड़ कर उसे प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरण दिखाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार किए और इसी के आधार पर प्रधान पाठक पद की वरिष्ठता सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया।




### कार्रवाई की अनुशंसा

डीईओ एमआर सावंत ने कहा कि इस मामले की जाँच कराई जाएगी। चूंकि, कार्रवाई करने का अधिकार संयुक्त संचालक को है। जाँच उपरांत दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की अनुशंसा की जाती है, कार्रवाई का अधिकार उच्चाधिकारियों को है।

### बड़ा सवालः आखिर दोषी पर कार्रवाई कब होगी?

जिले के शिक्षा विभाग में हुए इस घोटाले ने योग्य शिक्षकों के भविष्य को अंधकारमय कर दिया है। यह मामला केवल एक शिक्षक का नहीं, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र की साख पर सवाल खड़ा करता है। अब देखना यह है कि क्या प्रशासन इस मामले में कोई सख्त कदम उठाएगा, या फिर भ्रष्टाचार की यह गहरी जड़ें यूं ही बनी रहेंगी?

### वरिष्ठता सूची में हेरफेर का खेल

स्वयं के व्यय पर स्थानांतरण होने पर शिक्षक की वरिष्ठता समाप्त हो जाती है। प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरण होने पर वरिष्ठता बनी रहती है। दिनेश प्रधान ने इसी नियम का दुरुपयोग कर कूटरचित दस्तावेज तैयार किया और अवैध रूप से प्रधान पाठक का पद हासिल कर लिया।

### महत्वपूर्ण तथ्य

बसना जनपद पंचायत के सीईओ के पास एक जनपद से दूसरे जनपद प्रशासनिक स्थानांतरण करने का अधिकार नहीं है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से प्राप्त दस्तावेजों से दिनेश प्रधान के स्वयं के व्यय पर स्थानांतरित होने का प्रमाण मिला है। इसके बावजूद, अब तक इस घोटाले पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### शिकायत के बावजूद शिक्षा विभाग की चुप्पी!

इस पूरे फर्जीवाड़े की शिकायत एक जागरूक नागरिक द्वारा की गई है। लेकिन, शिक्षा विभाग ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। जब इस प्रतिनिधि ने दिनेश प्रधान से संपर्क किया, तो उन्होंने इस पर अपना कोई पक्ष रखने से इंकार कर दिया।

## प्रसव के बाद महिलाओं की देखभाल आवश्यक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विकासखंड के आंगनबाड़ी खम्हारपाली में महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में समुदाय आधारित गतिविधि सुपोषण चौपाल के माध्यम से गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को उचित स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधित सकारात्मक व्यवहारों में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया।

गोद भराई एक सुंदर भारतीय परंपरा है। जिसमें गर्भवती महिला और बच्चे को आशीर्वाद दिया जाता है। गोद भराई का अर्थ है गोद को भरपूर मात्रा में भरना या लादना। यह एक ऐसा उत्सव है जिसमें महिलाएं गर्भवती मां के साथ मिलकर उपहारों का आदान-प्रदान करती हैं, खेल खेलती हैं और स्वादिष्ट भोजन खाती हैं।

महिला बाल विकास की पर्यवेक्षक दीक्षा बारीक द्वारा महिलाओं को पोषण आहार से जुड़ी जानकारी दी गई। पूरक पोषण आहार के बारे में बताते हुए कहा कि गर्भावस्था और प्रसव के बाद महिलाओं को ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है, क्योंकि इस समय शरीर को उचित मात्रा में पोषक तत्व नहीं मिलते और माता व नवजात शिशु कुपोषण का शिकार हो सकते हैं। कार्यक्रम में सरपंच समारू सिदार, पंच शबनम खान, गोपिका भोई, गांव के अन्य नागरिक व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रमिला चौहान उपस्थित रहे।

## शिवसेना ने नवरात्रि पर्व पर 361 मीटर चुनरी यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

शिवसेना द्वारा चुनरी यात्रा पिछले 12 वर्षों से लगातार श्रद्धा और परंपरा के साथ निकाली जा रही है। नवरात्रि के शुभ अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवसेना द्वारा 12वीं चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा शुक्रवार को दुर्गा मंदिर के पास से शुरू होकर नगर के अलग-अलग रास्तों से होती हुई चंडी माता मंदिर पहुंची। इस यात्रा में 361 मीटर लंबी चुनरी माता रानी को चढ़ाई गई, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा में सुबह से ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुट गए थे। जय माता दी के नारों के साथ सभी ने श्रद्धा से चुनरी उठाई। डीजे पर भक्तिमय गीतों की धुन ने वातावरण को और भी भक्तिरस से भर दिया। श्रद्धालु पूरे जोश के साथ यात्रा में आगे बढ़ते रहे। इस धार्मिक यात्रा में महिलाएं, युवा और शिवसेना के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। नगर के रास्तों को सजाया गया था, जिससे माहौल बेहद सुंदर दिख रहा था। जैसी ही यात्रा चंडी माता मंदिर पहुंची, तब वहां भक्तों नें श्रद्धापूर्वक माता को चुनरी चढ़ाई गई और आरती कर प्रदेश के लोगों के उज्ज्वल भविष्य व सौभाग्य कामना की। इस अवसर पर शिवसेना के प्रदेश अध्यक्ष धनंजय परिहार, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर, प्रदेश प्रवक्ता संतोष शुक्ला, जिलाध्यक्ष अजय बंजारे, जिला उपाध्यक्ष सिम्पल दुआ, जिला सचिव इन कुमार लहरे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सेवकदास, अमित शर्मा, प्रकाश मांझी, ऋषभ ठाकुर, बादल बंजारे, नीरज साहू, अभिषेक शर्मा सहित कई प्रमुख साथी व श्रद्धालु मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष धनंजय परिहार ने कहा कि यह चुनरी यात्रा पिछले 12 वर्षों से लगातार श्रद्धा और परंपरा के साथ निकाली जा रही है। हर वर्ष इसमें श्रद्धालुओं की भागीदारी और उत्साह बढ़ता जा रहा है। यह बागबाहरा की आस्था और एकता का प्रतीक बन चुकी है। प्रशासन और पुलिस की मदद से यह यात्रा शांतिपूर्वक और सफलतापूर्वक हुई।


## श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने हुई बैठक

**सरायपाली।** सरायपाली प्रखंड में राम जन्मोत्सव कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने सरस्वती शिशु मंदिर तथा गीता भवन में बैठक हुईं। इन बैठकों में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री बसंत देवता ने राम जन्मोत्सव कार्यक्रम को अधिक से अधिक गांवों में व्यापक स्तर पर आयोजित करने के लिए विस्तार से जानकारी दी। सरस्वती शिशु मंदिर की बैठक प्रातः 11 बजे आयोजित हुई। बैठक में प्राचार्य कामता प्रसाद साहू की उपस्थिति में आचार्यगणों ने 12 गांवों में राम जन्मोत्सव कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए योजना बनाई। गीता भवन की बैठक शाम 5 बजे गीता भवन में विश्व हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में आयोजित की गई। इस बैठक में 17 गांवों में राम जन्मोत्सव के आयोजन के लिए विस्तृत योजना बनाई गई। जिला मंत्री बसंत देवता ने बताया कि राम जन्मोत्सव को पूरे हर्षोल्लास एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाने के लिए विभिन्न गांवों में कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। विश्व हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की। राम जन्मोत्सव के तहत विभिन्न गांवों में भजन-कीर्तन, झांकियां, शोभायात्राएं और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## सूक्ष्म उद्यम विकास कार्यशाला में शामिल हुए भाऊराम




**महासमुंद।** स्थानीय शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा सूक्ष्म उद्यम विकास कार्यक्रम के तहत 12 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कार्यशाला के पंचम दिवस बतौर मुख्य अतिथि भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व पार्षद भाऊ राम साहू शामिल हुए। विशेष अतिथि हर्ष भाऊराम साहू थे। इस दौरान बताया गया कि महाविद्यालय में सूक्ष्म उद्यम विकास पर कार्यशाला आयोजित करने का उद्देश्य छात्रों को उद्यमिता के बारे में जानकारी देना, कौशल विकसित करना और नए व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि भाऊराम साहू ने कहा कि इस तरह के कार्यशाला से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। नए और मौजूदा उद्यमियों को व्यवसाय प्रबंधन, मार्केटिंग, वित्तीय प्रबंधन और अन्य महत्वपूर्ण कौशल के बारे में जानकारी मिलने से उद्योग संचालन में सहायता मिलेगी। सूक्ष्म एवं लघु उद्योग को बढ़ावा मिलने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने समय समय पर इस तरह के कार्यशाला की महती आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



### नांदगांव में पांच दिवसीय अखंड रामायण आज से

**महासमुंद।** नांदगांव में 6 अप्रैल से पांच दिवसीय अखंड रामायण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मानस मंडलियों के लिए प्रथम पुरस्कार 5001 रु., द्वितीय पुरस्कार 3051 रु., तृतीय पुरस्कार 1551 रु. रखा गया है। समिति ने दानदाताओं द्वारा प्रत्येक मानस मंडली को सांत्वना पुरस्कार 751 रुपए प्रदान किया जाएगा। मंच संचालन श्यामलाल सेन, हरिशचंद पटेल, हेमलाल धीवर एवं प्रेम नारायण पटेल द्वारा किया जाएगा। उक्त जानकारी मानस समिति के सदस्य योगेश पप्पू पटेल, रामनारायण धीवर, पुरानिक पटेल, दशरू पटेल, विष्णु चंद्राकर, ठाकुर राम धीवर, रामकुमार पटेल, दीनू पटेल, उदय धीवर ने संयुक्त रूप से दी है।

### खरोरा में अखंड रामायण आज से

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन 6 अप्रैल से 11 अप्रैल तक रखा गया है। इसमें प्रथम पुरस्कार 10001, द्वितीय पुरस्कार 7001, तृतीय पुरस्कार 5001, चौथा पुरस्कार 3001, पांचवा पुरस्कार 2001 रुपए दिया जाएगा। प्रत्येक मांनस मंडली को 1100 रुपए दिया जाएगा। रामायण मंडली के उपाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि 6 अप्रैल को रामनवमी पर्व पर दोपहर 12 राम मंदिर खरोरा में भगवान रामचंद्र की पूजा अर्चना कर के दोपहर 3 बजे पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का शुभारंभ किया जाएगा।

### 25 अप्रैल तक जमा कराएंगे दस्तावेज

**महासमुंद।** शहर के नयापारा नोडल क्षेत्रांतर्गत आने वाले आरटीई के तहत स्कूलों में प्रवेश लेने के लिए आवेदकगणों को संपूर्ण दस्तावेज की प्रति 25 अप्रैल से पूर्व नोडल अधिकारी प्राचार्य अमी रूफस सेजेस के पास जमा कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। नोडल द्वारा समस्त दस्तावेजों का सत्यापन मूल दस्तावेज के आधार पर किया जाएगा। सत्यापन पश्चात लॉटरी के लिए राज्य को अग्रेषित किया जाएगा।

**आयोजन : विवाह में प्रत्येक जोड़े को दी जाएगी सामग्री**

# पिथौरा में 40 जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ, शोभायात्रा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा



श्रीराम जन्मोत्सव समिति पिथौरा द्वारा रामनवमी के पावन पर्व पर बालिकाओं के उत्थान एवं गरीब परिवारों की सहायता के लिए भव्य सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन 6 अप्रैल को पिथौरा खेल मैदान में होने जा रहा है। समिति द्वारा 20 जोड़ों का लक्ष्य रखा गया था, किंतु पंजीकृत जोड़ों की संख्या अधिक होने पर समिति द्वारा लगभग 40 जोड़ों के विवाह प्रस्ताव को स्वीकार किया गया है।

समिति के अध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन समाज के गरीब वर्ग की बेटियों के विवाह को गरिमामयी और सम्मानजनक रूप देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। नगरवासियों एवं विभिन्न वर्गों के दानदाताओं का भरपूर सहयोग इस पुनीत कार्य में प्राप्त हो रहा है। विवाह आयोजन में प्रत्येक जोड़े को मंगलसूत्र, चांदी के आभूषण, बर्तन, वर-वधु के वस्त्र, श्रृंगार सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं भेंट स्वरूप प्रदान की जाएंगी। आयोजन की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। विवाह कार्यक्रम के पश्चात सायं 4 बजे एक भव्य शोभायात्रा फॉरेस्ट दुर्गा मंदिर (खेल मैदान) से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग, बस स्टैंड, बार चौक होते हुए पुनः खेल मैदान में समापन करेगी। शोभायात्रा में प्रभु श्रीराम, माता काली, हनुमान व वानर सेना की भव्य झांकियां एवं आकर्षक कर्मा नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। इसके उपरांत आम भंडारे का भी आयोजन किया गया है। राम जन्म उत्सव समिति के वृहद आयोजन में सम्मिलित होने वाले वर वधु के परिवारजनों के लिए समुचित भोजन एवं नाश्ते की व्यवस्था खेल मैदान में ही रखी गई है।

आयोजन को सफल बनाने में आकाश अग्रवाल, अनंत वर्मा, देवेश निषाद, वीरेंद्र तिवारी, नंदू महंती, तेजराम पटेल, जितेंद्र सिन्हा, कौशल मानिकपुरी, मोनू सलूजा, अरविंदर छाबड़ा, गोपाल शर्मा, विक्की सलूजा, अनिमेष डे, राजा शुक्ला, नरेंद्र डड़सेना, दीपक सिन्हा, पुष्प कांत पटेल, ओम सिन्हा, राजा खनूजा, पोलेष मिश्रा, अनमोल चावला सहित अनेक सामाजिक बंधु शामिल हैं।

# नर्रा के बच्चों को कराया न्योता भोज

**बैठक में नवोदय कोचिंग सेंटर की भी हुई समीक्षा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

शासकीय बालक व कन्या प्राथमिक शाला नर्रा में दुर्गाष्टमी पर संकुल प्राचार्य सुबोध कुमार तिवारी द्वारा शासन की महती योजना न्योता भोज सभी बच्चों को कराया गया। इस अवसर पर संकुल के सभी प्राथमिक उच्च प्राथमिक एवं हायर सेकंडरी स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं को भी आमंत्रित किया गया था। तत्पश्चात इस वर्ष चलाए गए निशुल्क पहल नवोदय कोचिंग सेंटर में छात्रों के प्रदर्शन की समीक्षा की गई। आने वाले शिक्षा सत्र में माह जून से ही छात्र छात्राओं को चिन्हांकित कर उनके पालकों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। नवीन कार्ययोजना तैयार कर पुनः प्रयास करने पर आवश्यक चर्चा की गई। कोचिंग सेंटर में निःशुल्क शिक्षा दान करने वाले एवं प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी शिक्षक के कार्यों का सराहा। नए सत्र में भी संकुल के शिक्षकों से पहल नवोदय कोचिंग में अध्यापन कराने का आह्वान किया गया।

संकुल प्राचार्य ने संकुल के सभी शिक्षकों से समय पर वार्षिक परीक्षा के कार्यों को संपादित करने, नए सत्र की आवश्यक तैयारी अभी से करने तथा संकुल में शिक्षा गुणवत्ता पर फोकस करने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर संकुल समन्वयक खगेश्वर प्रसाद साहनी, व्याख्याता पन्नालाल साहू, नीलिमा भोई, तुलाराम दीवान, दुर्गेश चंद्राकर, योगेश साहू, अरविंद ठाकुर, प्रधान पाठक वैशाली व्यवहार, श्रवण कुमार ठाकुर, लहरी सिंह रौतिया, डगौरी यादव, खेमसिंह दीवान, डिगम लाल साहू, शिक्षक सुबेलाल बरिहा, अशोक कुमार बरिहा, मुकेश पटेल, मनीष कुमार यादव, कुंती दीवान, दिनेश कुमार नायक आदि मौजूद रहे।

# नाचा गम्मत के संरक्षण-संवर्धन के लिए रंजीत का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

छग प्रदेश के बालोद जिले के गंगा मैया झलमला में आयोजित तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत महोत्सव के समापन समारोह पर गंगा मैया के ट्रस्ट समिति द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं कका भतीजा नाचा गम्मत सराईपाली (कोमाखान) के संस्थापक रंजीत चक्रधारी को छत्तीसगढ़ के अतुल्य धरोहरों में से एक छत्तीसगढ़ के लोक संस्कृति नाचा गम्मत लोक विधा को संरक्षण संवर्धन एवं उनके उत्थान के लिए किया जा रहे कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर महोत्सव मंच के माध्यम से सम्मानित किया गया।

# छत्तीसगढ़ को अपराधगढ़ बनाकर भाजपा सरकार मना रही सुशासन तिहार : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश में अपराधों की संख्या लगातार बढ़

- 9 माह पहले लिए गए आवेदनों का अब तक नहीं हुआ निराकरण



रही है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, विगत सवा एक साल में रेप के तीन हजार से भी ज्यादा मामले में पुलिस थानों में दर्ज है। ये वे मामले हैं जो सामने आये हैं, इनके अलावा ऐसे न जाने कितने मामले होंगे जो अभी भी दबे होंगे। महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में राजधानी रायपुर अव्वल नंबर पर है। यही नहीं, लूट, हत्या, बलात्कार, नकबजनी, चोरी, डकैती, अपहरण जैसे मामलों पर सरकार अंकुश लगा पाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। शराब के कारण आए दिन घरों में विवाद-फसाद, मारपीट की घटनाएं बढ़ रही है। शराब दुकान घटने के बजाए ग्रामीण क्षेत्रों में भी नई-नई शराब दुकान साय सरकार खोल रही है। भाजपा सरकार के लचर कानून व्यवस्था के चलते आज प्रदेश अपराधियों के कंट्रोल में आ गया है। ऐसे हालात में भाजपा की साय सरकार आगामी 8 अप्रैल से सुशासन तिहार – 2025 शुरु करने जा रही है, जो सरकार की प्रशासनिक लचरता व कमजोर नेतृत्व क्षमता को छुपाने का एक असफल प्रयास है। उक्त वक्तव्य पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भाजपा सरकार के सुशासन तिहार को लेकर कही। चंद्राकर ने कहा कि सुशासन तिहार को लेकर मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टरों को पत्र प्रेषित कर तैयारी के निर्देश दिए हैं। चंद्राकर ने कहा कि लोगों की भावनाओं का खिलवाड़ कर उनकी विवशता का प्रदर्शन करना भाजपा की पुरानी आदत है। एक बार शिविर लगाकर नागरिकों से छल करने के बाद अब पुनः सुशासन तिहार के नाम पर लोगों से समस्याओं व मांगों से संबंधित आवेदन लेने की बात कही जा रही है।

### अष्टमी पर हुआ हवन पूजन

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा चैत्र नवरात्रि पर्व पर वार्ड नंबर 3 में अष्टमी हवन पूजन हुआ। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया शनिवार को अष्टमी पर गांव खरोरा में मां अंबे की विशेष पूजा अर्चना के साथ ही जसगीत व सेवा भजन करते रहे। लोग भक्ति ने भाव में डूब रहे। हवन पूजन में भूषण, अरुण, सरस्वती, गायत्री, कविता, मोक्षा, सागर, पोखन, सुखिया, पायल, रामानंद, ज्योति, रेखा, प्रीतम, बद्री, महेश, दिनेश दिनू, मुन्ना, भुवनेश्वर आदि मौजूद रहे।





### एसडीएम पिथौरा का किया गया सम्मान

**पिथौरा।** पूर्व में संपन्न हुई त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं नगरी निकाय चुनाव में पीठासीन अधिकारी के रूप में अपने दायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वहन करने वाले अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिथौरा ओंकारेश्वर सिंह को नगर की स्वयंसेवी सामाजिक संस्था लुई ब्रेल सेवा समिति द्वारा प्रतीक चिन्ह एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इनके मार्गदर्शन में पिथौरा जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष का चुनाव निर्विघ्न रूप से चुनाव संपन्न हुए हैं।

# भागवत कथा में सुदामा चरित्र का किया बखान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम बेमचा में चैत्र नवरात्र पर मां

- बेमचा के खल्लारी मंदिर श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

खल्लारी मंदिर परिसर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के सप्तम दिवस पंडित मिथलेश तिवारी ने सुदामा चरित्र का बखान करते हुए कहा कि सुदामा गरीब अवस्था में है। परंतु दरिद्र नहीं थे। सुदामा तो जितेंद्रिय और प्रसंगात्मक थे। उन्होंने अपनी इंद्रियों पर विजय प्राप्त कर ली थी। जिसमें इंद्रियों पर विजय प्राप्त की तो वह दरिद्र कैसे हो सकता है, इसलिए सुदामा को दरिद्र कहना बिल्कुल गलत होगा। हर हाल में प्रसन्न रहने वाले सुदामा पूर्व जन्म से सदानंद नाम के विप्र थे, वह पांच घर ही भिक्षा लिया करते थे। भगवान नारायण ने ब्राह्मण का वेश बनाकर भगवान सत्यनारायण की कथा सुनने की प्रेरणा दी। वह सत्यनारायण कथा श्रवण के पुण्य फल के कारण द्वापर युग में सुदामा के रूप में जन्म हुआ, जिनकी मित्रता संदीपनी मुनि के आश्रम में हुई।

पंडित ने सुदामा चरित्र का विस्तार से बखान करते हुए कहा कि ब्राह्मणों को कभी दरिद्र नहीं माननी चाहिए, भीख मांगने से ब्राह्मण का ब्रह्मांत्व नष्ट हो जाता है। ब्राह्मण को पूजा पाठ, दान कीर्तन से जो धन मिले उसी से जीवनयापन करना चाहिए। सुदामा की गरीबी की दुर्दशा को देखकर उनकी पत्नी सुशीला ने भगवान से मिलने की प्रेरणा दी और आसपास से पांच मुट्ठी चावल अलग-अलग घरों से लाकर चार मुट्ठी चावल फटे सिले कपड़े में पोटली बनाकर दे दिया। सुदामा भ्रमण करते-करते जब द्वारिका नगरी पहुंचे तो भगवान ने उन्हें बराबर का सम्मान देते हुए अपने स्वर्ण सिंहासन पर बिठाया और भगवान कृष्ण स्वयं सुदामा के चरण पखारे व पूरे परिवार ने चरणोंदक दिया व पूरे महलों में छिड़काया। गुरुकुल में बीते बीते हुए क्षणों को याद करते हुए हंसी ठिठोली कर रहे थे, अचानक भगवान ने पूछा भाभी ने मेरे लिए क्या भेजा है, इस पर सुदामा सकुचाते हुए पोटली काख़ में दबा लिए, लेकिन भगवान ने सुशीला के भेजी हुई पोटली प्राप्त कर लिया। पोटली को देखते ही भगवान समझ गए कि मेरे मित्र के घर अपना एक कपड़ा भी नहीं है, जैसे ही पोटली खोला चावल देखते ही समझ गए कि मेरे मित्र के घर में अपना एक अन्न का दाना भी नहीं है।

भगवान ने दो मुट्ठी चावल स्वयं ग्रहण कर सुदामा को दो लोकों का वैभव दे दिया, लेकिन उसकी जानकारी सुदामा को नहीं हुई। अब आप विचार करें कृष्ण जैसा करुणा का सागर क्या अपने मित्र को श्राप दे सकते हैं। सुदामा के जीवन में गरीबी क्यों आए, कथा को विस्तार में बताया। तत्पश्चात सुभद्रा हरण यदुवंशियों को शाप लगना, दत्तात्रेय महाराज के 24 गुरुओं की कथा, कलयुग का वर्णन, भगवान कृष्ण के परमधाम गमन परीक्षित मोक्ष सातों दिवस की कथा का सार उपरांत चढ़ोत्री का कार्यक्रम हुआ। यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

# नए नियमों से श्रमिक कार्डधारी योजनाओं से हो रहे हैं वंचित

**नर्रा।** शासन द्वारा संगठित एवं असंगठित श्रमिकों के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन हाल ही में सरकार द्वारा लागू किए गए नए नियमों के चलते कई श्रमिक इन योजनाओं से वंचित हो रहे हैं। पहले जहां श्रमिक कार्ड बनने के 3 से 4 माह बाद ही योजनाओं का लाभ मिल जाता था, वहीं अब केवल एक साल पुराने श्रम कार्डधारकों को ही योजनाओं का लाभ देने का नियम लागू कर दिया गया है।



इस निर्णय से हाल ही में श्रमिक कार्ड बनवाने वाले हजारों मज़दूरों को बड़ी निराशा का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से जिले की उन महिलाओं को, जिन्होंने हाल ही में बच्चों को जन्म दिया है, उन्हें भरण-पोषण के लिए मिनीमाता महतारी जतन योजना से मिलने वाली 20,000 रुपए की सहायता राशि से वंचित होना पड़ रहा है। डिलीवरी के बाद जब मां को विश्राम और आर्थिक सहायता की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है, तब उन्हें योजना से बाहर कर देना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मुद्दे पर जिले के समाजसेवी मनोज पटेल ने केंद्र और राज्य सरकार से अपील की है कि नए श्रम कार्डधारकों को भी योजनाओं का लाभ दिया जाए और आवेदन के एक माह के भीतर राशि सीधे श्रमिकों के खातों में डाली जाए। उन्होंने कहा कि गरीब और मेहनतकश वर्ग की महिलाओं को उनके हक से वंचित करना सामाजिक और मानवीय दृष्टि से अन्याय है।

# वृंदावन विद्यालय में घोषित किया गया वार्षिक परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



स्थानीय वृंदावन विद्यालय में शनिवार को विद्यालय प्रागण में बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम को परीक्षा त्यौहार के रूप में घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के समस्त वरिष्ठजन विद्यालय के संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्या इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका आशा ज्योति डोरा, उर्मिला अग्निहोत्री, अमृता चंद्राकर, रेखा साहू एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन ने कहा कि इस रोजमर्रा की भागदौड़ के समय में बच्चों के प्रति समय देने, उनके शिक्षा स्वास्थ्य एवं उनके साथ समय व्यतीत करने का अनुरोध किए। साथ ही विद्यालय की संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने सभी पालकों का स्वागत व अभिवादन करते हुए कहा कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। साथ ही इस वर्ष 7 अप्रैल 2025 को न्यू सेशन शुरू हो रहा हैं। सुजाता बताते है कि केवल पढ़ाई ही आवश्यक नहीं हैं, पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों का सर्वागिण विकास, कार्यशैली, नैतिक शिक्षा एवं मूल कत्र्यव्यों को उनके आदतों में शामिल होना चाहिए। विद्यालय की उपप्राचार्य ने कहा कि ये परीक्षा परिणाम के साथ-साथ बच्चों का चहुमुखी विकास भी अतिआवश्यक हैं। और ये तभी सम्भव है जब बच्चे मोबाइल से दूर रहेंगे। वरिष्ठ शिक्षिका आशा ज्योति डोरा ने सभी बच्चों शुभ आशीर्वाद और जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम में अभिभावक राजमणी सिंग पवार ने अपने विद्यार्थी जीवन के समय को याद करते हुए अपनी बिटिया तेजस्वी पवार के हो रहे सर्वांगीण विकास के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त बच्चों के नाम घोषित किए गए। कक्षा नवमी से नमन साहू ने प्रथम एवं पूर्वा चंद्राकर ने द्वितीय, कक्षा 7वी से भिगेश्वरी साहू और कुमुद पटेल ने प्रथम, नेमेश्वर द्वितीय, कक्षा 6वी से अनु अग्रवाल प्रथम, वीर सिंग द्वितीय, कक्षा चौथी से रूद्र पवन पकवासा प्रथम एवं पूजा देवांगन द्वितीय, कक्षा तीसरी से ने प्रथम लोकेश यादव एवं अनिकेत जलक्षत्री द्वितीय, कक्षा दूसरी से भूमिका कंवर प्रथम एवं खुशी नागरची द्वितीय एवं कक्षा पहली से साकेत निषाद प्रथम एवं ललिमा दीवान द्वितीय रहे। कार्यक्रम में अमृता चंद्राकर, उर्मिला अग्निहोत्री, रेखा साहू, जागृति साहू, संध्या सोना, सुषमा साहू, चंदना सोनी, नीरू मांझी, सुमन साहू, यशवंत घृतलहरे, प्रवीण साहू, रिंकी कुर्रे, वर्षा चंद्राकर, एम रजनी, साधना राठौर, भूमिका वर्मा, मोनिषा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, सविता ढीढी, नंदिनी साहू, अंशु यादव, हीरा साहू, स्वाति ठाकुर, एकता राठी, कमलेश नागवंशी एवं लक्ष्मी नारायण साहू का योगदान रहा।

### राज्य शतरंज चयन स्पर्धा के लिए हुई बैठक

**महासमुंद।** सर्वसुविधायुक्त शतरंज आयोजन को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ एवं एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा की बैठक हुई। बैठक में अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11 व यू-13 आयु समूह की राज्य चयन स्पर्धा का आयोजन एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में कराने का निर्णय लिया गया। इस स्पर्धा में अंडर-13 की चैंपियनशिप को फिडे रेटिंग के रूप में कराने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विनीत राजोरिया, छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी, प्रदेश शतरंज संघ के संयुक्त सचिव ईश्वर सिंह राजपूत, फिडे आर्बिटर रॉकी देवांगन शामिल थे। बैठक पश्चात प्रतियोगिता स्थल का मुआयना किया गया। टूर्नामेंट हाल, खिलाड़ियों के रुकने की व्यवस्था, पैरेंट्स की बैठने की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिसमें सभी व्यवस्थाएं सर्व सुविधायुक्त पाई गई। उक्त मिनी सब जूनियर का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ तथा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के सहयोग से 15 से 19 मई 2025 तक एकडेमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में कराना सुनिश्चित किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ एवं जिला शतरंज संघ महासमुंद के सचिव हेमंत खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पहली बार है कि छत्तीसगढ़ में अंडर-13 चेस चैंपियनशिप को फिडे द्वारा अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्रदान की गई है। इस मान्यता प्राप्त चयन स्पर्धा से छत्तीसगढ़ राज्य के नवोदित खिलाड़ियों को काफी लाभ मिल सकेगा।

